>

Title: Need to upgrade the Kendriya Vidyalaya located in Balaghat Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh upto 12th standard.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): आदरणीय सभापति महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के अंतर्गत मेरा संसदीय क्षेत्र बालाघाट नक्सल प्रभावित जिला है। गत वर्ष मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति हुई जो पहली कक्षा से पाँचवीं कक्षा तक संचालित है। केन्द्रीय विद्यालय खुलने के पूर्व हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड में पहली से बारहवीं तक विद्यालय चलाया जा रहा है। इस विद्यालय में पढ़ने वाले पहली से पाँचवीं तक के बच्चों को सैन्ट्रल स्कूल में प्रवेश मिल गया परंतु छठी से बारहवीं तक के बच्चों को प्रवेश से वंचित होना पड़ा। कलैक्टर बालाघाट तथा हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड के ऑफिसर्स एसोसियेशन ने भी मानव संसाधन मंत्रालय से मांग की है कि वर्ष 2011 और 2012 में सैन्ट्रल स्कूल मलाजखंड में छठी से बारहवीं तक कक्षाओं का विस्तार किया जाना अत्यावश्यक है, तथा पहली से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षा में दो दो सैक्शन बढ़ाए जाने की मांग की है। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड स्टाफ का भार वहन करने को छोड़कर सैन्ट्रल स्कूल का सारा भार वहन करने को तैयार है तथा कर भी रहा है। अतः आपके माध्यम से मानव संसाधन मंत्री से विनम्र निवेदन है कि वर्ष 2011-12 में सैन्ट्रल स्कूल मलाजखंड में छठी से बारहवीं तक कक्षाएँ खोलने तथा पहली से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षाओं के दो दो सैक्शन की स्वीकृति प्रदान करने के आदेश प्रसारित करने की कृपा करें।